आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

# दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 203 | उज्जैन, शनिवार 14 जून 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## फ्रांस के साथ एमओयू से प्रदेश की संस्कृति को मिलेगा वैश्विक मंच-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### मध्यप्रदेश बनेगा भारत-फ्रांस सांस्कृतिक और पर्यटन सहयोग का नया केंद्र



भोपाल। फ्रांस और मध्यप्रदेश के बीच संस्कृति और पर्यटन क्षेत्र में दीर्घकालिक सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष मुख्यमंत्री निवास, समत्व में एक महत्वपूर्ण त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (स्थ) पर हस्ताक्षर किए गए। यह मध्यप्रदेश को भारत और फ्रांस के बीच सांस्कृतिक एवं पर्यटन सहयोग का नया केंद्र बनाएगा। इस ऐतिहासिक एमओयू पर भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी मथौ, प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति श्री शिव शेखर शुक्ला और अलायंस फ्रांसेज़ डी भोपाल के अध्यक्ष श्री अखिलेश वर्मा ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता अगले तीन वर्षों के लिए वैध होगा और आपसी सहमति से आगे बढ़ाया जा सकेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारत और फ्रांस के साथ सम्बन्ध हमेशा से अच्छे रहे है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के फ्रांस दौरे के बाद यह और प्रगाढ़ हुए है। मध्यप्रदेश फ्रांस के साथ सांस्कृतिक संबंधों के साथ व्यापारिक सम्बन्धों के लिए भी तत्पर है। उनकी आगामी माह फ्रांस यात्रा प्रस्तावित है। भारत और फ्रांस के बीच औद्योगिक विकास की दृष्टि से, उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और शिल्प कलाओं को प्रोत्साहन देने की दृष्टि से परस्पर सहयोग की संभावनाओं पर कार्य किया जाएगा। यह समझौता ज्ञापन मध्यप्रदेश को न केवल देश की सांस्कृतिक राजधानी बल्कि एक प्रगतिशील, वैश्विक पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में स्थापित करने की हमारी दूरदृष्टि को साकार करता है। प्रदेश के कलाकारों को वैश्विक मंच मिलेगा और फ्रांस तथा यूरोप से आने वाले पर्यटकों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

## बेंगलुरु में भीषण सड़क हादसा, बस-ट्रक में टक्कर से 4 लोगों की मौत और 16 घायल





नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु ग्रामीण में शुक्रवार को भीषण सड़क हादसे में 2 बच्चों समेत 4 लोगों की मौत हो गई। इस हादसे में 16 से ज्यादा लोग घायल हैं। इनमें से 2 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

आंध्र प्रदेश ऋष्णष्ट बस और ट्रक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। पुलिस के अनुसार सभी मृतक आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले से ताल्लुक रखते हैं।

मृतकों की पहचान 44 वर्षीय केशव रेड्डी, 21 वर्षीय तुलसी, 4 साल की बच्ची प्रणनती और 1 साल की नवजात मारिया के रूप में हुई है। वहीं, हादसे में 2 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। हादसे में घायल सभी 16 लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

कैसे हुआ हादसा- पुलिस के अनुसार, यह हादसा बेंगलुरु शहर के बाहर कोलार और होसकोटे हाईवे पर देखने को मिला। आंध्र प्रदेश ऋष्णष्ट की बस तिरुपति से बेंगलुरु की तरफ जा रही थी। इसी दौरान बस ने एक ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की, लेकिन तभी बस के ड्राइवर ने अचानक अपना नियंत्रण को दिया और ट्रक से जा भिड़ी।

## जिस विमान का लोहा तक पिघल गया, वहां से सुरक्षित मिली श्रीमद्भगवत् गीता



नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद विमान हादसे ने पूरी दुनिया को झकझोर कर रख दिया है। प्लेन क्रैश में 265 लोगों की जान चली गई। जान गंवाने वालों में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी भी शामिल थे। बीजे मेडिकल कॉलेज के हॉस्टल से टकराने के बाद विमान एक आग का गोला बन गया।

रेस्क्यू टीम को मिली भगवत गीता- रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान हादसे से जुड़ी कई भयावह तस्वीरें और वीडियोज सामने आई। इसी बीच सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में देखा जा सकता है रेस्क्यू टीम को एक भगवत गीता मिली। उम्मीद जताई जा रही है कि कोई यात्री इस पवित्र ग्रंथ को अपने साथ लंदन लेकर जा रहा हो।

गौरतलब है कि जिस हादसे में विमान में मौजूद ज्यादातर सामान जलकर राख हो चुके थे। वहीं, भगवद गीता पूरी तरह सुरक्षित है। किताब का एक पन्ना भी नहीं जला है। किताब पूरी तरह से पढ़ने की अवस्था में है।

## क्रैश विमान का DVR और ब्लैक बॉक्स बरामद, हादसे का असली कारण अब आएगा सामने?



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के आतंकवाद निरोधक दस्ते ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के पास दुर्घटनाग्रस्त हुए एअर इंडिया के विमान के मलबे से डिजिटल वीडियो रिकॉर्डर बरामद कर लिया है।


प्लेन क्रैश कैसे हुआ था, इसके साक्ष्य जुटाने में ये DVR काफी मदद करेगा। DVR बोइंग 787 ड्रीमलाइनर के मलबे के बीच पाया गया, जो सरदार वल्लभभाई पटेल इंटरनेशनल एअरपोर्ट से उड़ान भरने के तुरंत बाद दुर्घटना का शिकार हो गया था।

कहां क्रैश हुआ विमान- विमान मेघानी नगर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ था और प्लेन का पिछला हिस्सा बीजे मेडिकल कॉलेज के यूजी हॉस्टल के मेस पर गिरा था। विमान हादसे के बाद घटनास्थल पर मौजूद गुजरात ATS के एक अधिकारी ने बताया कि हमने मलबे से DVR बरामद किया है।

इसके साथ ही, रिपोर्ट के अनुसार, दुर्घटनाग्रस्त हुए एयर इंडिया के विमान के मलबे से ब्लैक बॉक्स भी मिले हैं।

उन्होंने कहा, यह एक डीवीआर है, जिसे हमने मलबे से बरामद किया है। फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम जल्द यहां आएगी और डिवाइस की जांच करेगी, जो दुर्घटना की ओर ले जाने वाली घटनाक्रमों के बारे में महत्वपूर्ण सुराग दे सकती है।

## 131 वें पायदान पर भारत, महिलाओं की स्थिति में सुधार



नई दिल्ली (एजेंसी)। विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 131वें स्थान पर पहुंच गया है। इस रिपोर्ट में भारत समेत 148 देशों का आकलन किया गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत समानता स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचले पायदान वाले देशों में से एक है।

गत साल 146 देशों का आकलन किया गया था और भारत 129वें स्थान पर था। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां स्कोर 1.9 प्रतिशत बढ़कर 40.7 प्रतिशत हो गया है। जबकि अधिकतर संकेतक मूल्य समान रहे हैं।

भारत समेत 148 देशों का आकलन- विश्व आर्थिक मंच की ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत समेत 148 देशों का आकलन किया गया है। मात्र 64.1 प्रतिशत के समानता स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचले पायदान वाले देशों में आइसलैंड लगातार 16वें साल लिस्ट में सबसे आगे है, सबसे पीछे पाकिस्तान आइसलैंड लगातार 16वें साल रैंकिंग में सबसे आगे है। उसके बाद फिनलैंड, नार्वे, ब्रिटेन और न्यूजीलैंड है। नेपाल 125वें, श्रीलंका 130वें, भूटान 119वें, मालदीव अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 प्रतिशत से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई है।

## पहली कार और वर्षों पुराने स्कूटर का नंबर 1206, विजय रुपाणी के लिए लकी नंबर ही बना अनलकी



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी की भी अहमदाबाद विमान हादसे में मौत हो गई। इस प्लेन क्रैश में विमान में सवार 241 लोगों की मौत हुई है। यह विमान अहमदाबाद से लंदन जा रहा था, जिसमें विजय रूपाणी भी सवार थे।

क्या है 1206 नंबर का खेल- रूपाणी अपनी पत्नी अंजलि और बेटी से मिलने जा रहे थे। उनके निधन की तारीख यानी 12 जून या 12-16 से जुड़ा एक संयोग भी सामने आया है।

## आव्रजन के खिलाफ अमेरिकी कार्रवाई पर भारत ने जारी किया बयान, कहा स्थिति पर हमारी नजर




नई दिल्ली (एजेंसी)। कैलिफोर्निया के लास एंजिलिस में ट्रंप प्रशासन द्वारा आव्रजन के खिलाफ की गई कार्रवाई के मद्देनजर भारत ने गुरुवार को कहा कि सैन फ्रांसिस्को में उसका वाणिज्य दूतावास स्थिति पर पैनी नजर रख रहा है। इसके साथ भारत ने इस इलाके में रहने वाले भारतीय नागरिकों को उचित सावधानी बरतने की सलाह दी है।

भारतीय समुदाय के संपर्क में दूतावास- विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने अपने साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान यह भी कहा कि वाणिज्य दूतावास भारतीय समुदाय की भलाई के लिए उनके साथ निकट संपर्क में है। उनसे पूछा गया था कि क्या भारत लास एंजिलिस में मौजूदा स्थिति की निगरानी कर रहा है, क्योंकि अमेरिकी प्रशासन ने क्षेत्र में आव्रजन के खिलाफ कार्रवाई की है। रणधीर जायसवाल ने बांग्लादेश में इस महीने की शुरुआत में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर के पैतृक घर में भीड़ द्वारा की गई तोड़फोड़ को घृणित कृत्य बताया और इसकी कड़ी निंदा की।

बांग्लादेश को लेकर कही ये बात- उन्होंने इस हमले को कवि की स्मृति और उनके समावेशी दर्शन का अपमान बताया। उन्होंने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार से ऐसे लोगों पर लगाम लगाने और ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का भी आग्रह किया।

भारत और कनाडा को जीवंत लोकतंत्र बताते हुए रणधीर जायसवाल ने कहा कि जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच होने वाली आगामी बैठक विचारों का आदान-प्रदान करने और द्विपक्षीय संबंधों को फिर से स्थापित करने के लिए रास्ते तलाशने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का आया था फोन- उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पिछले सप्ताह कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का फोन आया था। इस दौरान पीएम कार्नी ने प्रधानमंत्री मोदी को जी-7 बैठक में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। यह निमंत्रण स्वीकार कर लिया गया है।

रणधीर जायसवाल ने अहमदाबाद हादसे पर जताया दुख- रणधीर जायसवाल ने अहमदाबाद में एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने को दुखद करार दिया और इस हादसे में अपने प्रियजनों को खोने वाले लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# इजरायल का अगला निशाना पाकिस्तान होगा, ईरान टेंशन के बीच डर के साये में PAK; किसने जताई हमले की आशंका



नई दिल्ली (एजेंसी)। शुक्रवार की सुबह इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर साइट्स पर बड़ा हमला किया। इस हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड चीफ, सेना प्रमुख और कई प्रमुख परमाणु वैज्ञानकों की मौत हो गई।

दोनों देशों की बीच छिड़ी जंग की आहट पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। इस बीच भारत ने इजरायल और ईरान से शांति बनाए रखने की अपील की है। लेकिन पाकिस्तान में इजरायल के ईरान पर किए गए हमले को लेकर एक अलग ही सोच देखने को मिल रही है।

पाकिस्तानी पत्रकार ने जताई आशंका- पाकिस्तान के काफी जाने-माने पत्रकार हामिद मीर ने एक अलग आशंका जताई है। मीर ने अपने टीवी प्रोग्राम के दौरान कहा कि इजरायल पहले भी पाकिस्तान के परमाणु ठिकानों पर हमले की नाकाम कोशिश कर चुका है।

उन्होंने कहा कि इजरायल का अगला निशाना पाकिस्तान हो सकता है। हामिद मीर ने आगे कहा कि मौजूदा हालात में पाकिस्तान अगर चुप बैठता है तो यह बड़ी गलती होगी। उन्होंने कहा, हम चुप नहीं बैठेंगे और ऐसी किसी कोशिश का मुंहतोड़ जवाब देंगे।

ईरान की धमकी- वहीं, इजरायल के हमले के बाद ईरान ने कहा कि इजरायल और अमेरिका को इजरायली हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेखरची ने सरकारी टीवी से कहा कि शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमले के बाद अमेरिका और इजरायल को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

इजरायल का दावा- वहीं, हमले के बाद इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने हमले की पुष्टि की और इजरायल के एक रक्षा अधिकारी ने दावा करते हुए कहा है कि इस हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी और एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक की भी मौत हुई है।

# इजरायल ने ईरान पर किया हमला, राजधानी तेहरान में जोरदार धमाके, ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ के मारे जाने की खबर

नई दिल्ली (एजेंसी)। आशंका थी कि इजरायल ईरान पर जल्द हमला करने वाला है, लेकिन इजरायल ने शुक्रवार सुबह को ही ईरान की राजधानी तेहरान में बमबारी कर दी। इजरायल ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा कि उसने ईरान पर हमला किया है, और ईरानी मीडिया ने कहा कि तेहरान में विस्फोटों की आवाज सुनी दी गई है।

इजरायल में आपातकाल घोषित, ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ की मौत- इजरायल ने कहा कि वह तेहरान द्वारा मिसाइल और ड्रोन हमले की आशंका के चलते देश में आपातकाल



घोषित कर रहा है। हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मारे गए हैं।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि कुछ ही समय पहले इजरायल ने ऑपरेशन राइजिंग लॉयन शुरू किया है, जो इजरायल के अस्तित्व के लिए ईरानी खतरे को खत्म करने के लिए एक लक्षित सैन्य अभियान है। यह अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक इसका खतरा खत्म नहीं हो जाता।

इजरायल कर रहा ईरानी परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला- एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने कहा कि इजरायल दर्जनों परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमला कर रहा है। अधिकारी ने कहा कि ईरान के पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त सामग्री है। सीएनएन ने बताया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एक कैबिनेट बैठक बुला रहे हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि इजरायल ईरान के बीच अमेरिका टकराव नहीं चाहता है। इधर अमेरिका ने पश्चिम एशिया के देशों के अपने दूतावासों में राजनयिकों और उनके परिवारीजनों की संख्या कम करनी शुरू कर दी है। इजरायल स्थित दूतावास में नियुक्त लोगों को आवागमन सीमित करने के लिए कहा गया है।

## भारत-पाकिस्तान को एक साथ लाऊंगा, डोनाल्ड ट्रंप फिर बोले- मैंने फोन कॉल कर दोनों देशों के बीच रोका युद्ध



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गुरुवार को कहा कि वह किसी भी समस्या का समाधान कर सकते हैं।


ट्रंप ने कश्मीर को लेकर कही ये बात- उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच कश्मीर को लेकर लंबे समय से दुश्मनी चल रही है और वह दोनों देशों को साथ लाएंगे। हालांकि भारत ने बार-बार स्पष्ट किया है कि कश्मीर द्विपक्षीय मुद्दा है, जिसमें तीसरे पक्ष की मध्यस्थता की कोई आवश्यकता नहीं है।

व्हाइट हाउस में एक विधेयक पर हस्ताक्षर समारोह के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में ट्रंप ने कहा, हम उन दोनों (भारत और पाकिस्तान) को एक साथ लाने जा रहे हैं।

राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने दोनों देशों से पूछा कि यह दुश्मनी कितने समय से चल रही है, जिस पर उन्होंने उत्तर दिया, 2,000 वर्ष और उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा, ओह, यह एक समस्या है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने दोहराया कि उन्होंने फोन कॉल और व्यापार रोकने की बात करके भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रुकवा दिया। ट्रंप ने कहा कि हमला करने की बारी पाकिस्तान की थी और वे परमाणु हथियारों का उपयोग करने वाले थे, लेकिन उन्होंने इसे रोक दिया।

## क्या कंगाल पाकिस्तान की खुलेगी किस्मत? क्या है रेको दिक प्रोजेक्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान में रेको दिक परियोजना के लिए विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय वित्त निगम ने 70 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है।

यह परियोजना बलूचिस्तान प्रांत में स्थित है, जो देश के खनिज-समृद्ध क्षेत्र के रूप में जाना जाता है। इस मंजूरी के बाद निजी क्षेत्र से परियोजना में 2.5 अरब डॉलर के निवेश की उम्मीद जताई जा रही है।

साल 2028 में उत्पाद की उम्मीद- इस परियोजना का स्वामित्व बैरिक गोल्ड और केंद्र और बलूचिस्तान सरकार के पास संयुक्त रूप से है। परियोजना के पहले चरण के लिए वित्तपोषण को लेकर कई ऋणदाताओं के साथ चर्चा की जा रही है। यहां 2028 में उत्पादन शुरू होने की उम्मीद है।

परियोजना का दायरा बढ़ाने की कवायद - हालिया अध्ययन ने परियोजना के दायरे को बढ़ाया है। पहले चरण में यहां से होने वाले खनिजों के उत्पादन का अनुमान 40 मीट्रिक टन से बढ़कर 45 मीट्रिक टन प्रति वर्ष किया गया है और चरण दो में 80 मीट्रिक टन से बढ़कर 90 मीट्रिक टन प्रति वर्ष किया गया है।

## भारी कीमत चुकानी पड़ेगी..., नेतन्याहू के हमले के बाद ईरान ने इजरायल और अमेरिका को दी धमकी



नई दिल्ली (एजेंसी)। शुक्रवार सुबह इजरायल ने ईरान की राजधानी तेहरान पर बड़ा हमला कर दिया। इस हमले के दौरान इजरायल ने ईरान के न्यूक्लियर ठिकानों को निशाना बनाया है और इस हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी के मारे जाने की खबर सामने आई है।

ईरान की चेतावनी- इस हमले के बाद ईरान ने कहा कि इजरायल और अमेरिका को इजरायली हमले की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। ईरान के सशस्त्र बलों के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल अबोलफजल शेखरची ने सरकारी टीवी से कहा कि शुक्रवार को ईरान पर इजरायली हमले के बाद अमेरिका और इजरायल को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

इजरायल का दावा- वहीं, हमले के बाद इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने हमले की पुष्टि की और इजरायल के एक रक्षा अधिकारी ने दावा करते हुए कहा है कि इस हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी और एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक की भी मौत हुई है।

अपने देश में इमरजेंसी घोषित करने के बाद इजरायल के यरुशलम और अन्य शहरों में सायरन बज रहे हैं। काट्ज ने कहा कि ईरान के जवाबी हमले को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया है। इसके साथ ही देश में अगले आदेश तक एअर स्पेस बंद कर दिया गया है।

## क्या है इजरायल का Operation Rising Lion? ईरान के खिलाफ नेतन्याहू ने क्यों छेड़ी जंग



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल ने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर हमले किए। यह हमला गुरुवार रात को हुआ। इस हमले में ईरान के चीफ ऑफ स्टाफ मोहम्मद बाघेरी और एक प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक मारे गए हैं।


हमले में ईरान के Revolutionary Guards के चीफ कमांडर हुसैन सलामी की भी मौत हो गई है। ईरान की मीडिया ने इसकी पुष्टि की है।

इजरायल को आशंका थी कि ईरान उस पर जल्द ही हमला करने वाला था। इजरायली अधिकारियों ने दावा किया कि ईरान परमाणु बम बनाने के बेहद करीब पहुंच गया था। उसके पास कुछ ही दिनों में 15 परमाणु बम बनाने के लिए पर्याप्त सामग्री उपलब्ध थी।

इजरायल ने इस कार्रवाई को ऑपरेशन राइजिंग लायन नाम दिया है। इजरायल ने दावा किया है कि ईरान का उद्देश्य उसके देश के अस्तित्व को खत्म करना है। इजरायल ने अपनी रक्षा के लिए यह कार्रवाई की है।

हमले के बाद इजरायल के सैन्य प्रमुख ने कहा कि देश अपनी सभी सीमाओं पर पूरी तरह से तैयार है। वहीं, इजरायल ने अपने दुश्मनों को कड़ी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा, ÷हम सभी सीमाओं पर तैयार हैं। मैं चेतावनी देता हूं कि जो कोई भी हमें चुनौती देने की कोशिश करेगा, उसे भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। वहीं, इस कार्रवाई के बाद इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि जब तक इजरायल अपना मिशन पूरा नहीं कर लेता तब तक कार्रवाई जारी रहेगी।

## इजरायल के हमले में रिवोल्यूशनरी गार्ड के चीफ की मौत, ईरान ने देश में लगाई इमरजेंसी



नई दिल्ली (एजेंसी)। ईरान में हुए इजरायल के हमले में ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ऑफ चीफ हुसैन सलामी समेत टॉप न्यूक्लियर साइंटिस्ट्स की मौत की खबर सामने आई है। इस हमले में सलामी के अलावा सरदार रशीद (खतम अल अंबिया प्रमुख) और डॉ. फेरीडाउम अब्बासी (परमाणु वैज्ञानिक) समेत कई लोगों की मौत होने की खबर है।

क्या है रिवोल्यूशनरी गार्ड- इजरायल ने हमले के दौरान ईरान की राजधान तेहरान और उसके आसपास के कई शहरों को भी निशाना बनाया है। बता दें, ईरान का रिवोल्यूशनरी गार्ड एक पावरफुल सेंटर है। यहां से ईरान के बैलिस्टिक मिसाइलों के शस्त्रागार का भी नियंत्रण होता है।

द टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक, रिवोल्यूशनरी गार्ड के चीफ के अलावा ईरान के सैन्य प्रमुख मोहम्मद बाघेरी और सेना के कई टॉप अधिकारी और परमाणु वैज्ञानिक इन हमलों में मारे गए।

इजरायल में इमरजेंसी घोषितशुक्रवार को इजरायल ने बताया कि उसने ईरान पर हमला किया है। ईरानी मीडिया की ओर से भी बताया गया है राजधानी तेहरान में विस्फोटों की आवाज सुनाई दी है। इस बीच इजरायल ने ईरान की ओर से होने वाली जवाबी कार्रवाई के मद्देनजर अलर्ट जारी किया है और देशभर में इमरजेंसी घोषित कर दी है।

# ऑटोमोबाइल कंपनियों को मिलेगी नई संजीवनी, रेअर अर्थ मैग्नेट आपूर्ति को लेकर भारत की मांग पर विचार करेगा चीन



नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन ने रेअर अर्थ मैग्नेट की आपूर्ति में आ रही बाधा के मुद्दे पर अंततः भारत के आग्रह को स्वीकार किया है और इस बारे में बात करने को तैयार हो गया है। गुरुवार को नई दिल्ली में चीन के उपविदेश मंत्री सुन वीडोंग और विदेश सचिव विक्रम मिसरी के बीच हुई बैठक में भारतीय आटोमोबाइल कंपनियों को रेअर अर्थ मैग्नेट की आपूर्ति में आ रही बाधा का मुद्दा उठा।

सीधी उड़ान सेवा पर बन सकती सहमति- भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में इस बात की तरफ इशारा किया गया है। बयान में रेअर अर्थ मैग्नेट का सीधे तौर पर जिक्र नहीं किया गया है लेकिन कहा गया है कि, आर्थिक व कारोबार से जुड़ी आपूर्ति को लेकर खास चिंताओं पर कार्यपरक बात करने की सहमति बनी है। चीन व भारत के बीच हुई इस वार्ता में दोनों देशों के बीच सीधी उड़ान सेवा को जल्द से जल्द शुरू करने पर भी सहमति बनी है। चीन ने अप्रैल, 2025 में छह तरह के बहुमूल्य धातुओं के निर्यात पर पाबंदी लगा दी है। इसमें रेअर अर्थ मैग्नेट भी शामिल है।

## राजा रघुवंशी के परिवार ने पुलिस के सामने रखी बड़ी डिमांड



नई दिल्ली (एजेंसी)। इंदौर के ट्रांसपोर्ट व्यापारी राजा रघुवंशी की मेघालय में हनीमून के दौरान हत्या के मामले में गिरफ्तार मुख्य आरोपियों सोनम और राज कुशवाहा पर नार्को टेस्ट करने की मांग की गई है। राजा के बड़े भाई सचिन रघुवंशी ने कहा कि इस टेस्ट के जरिए ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकती है।

29 वर्षीय राजा रघुवंशी की मेघालय में पिछले महीने हत्या कर दी गई थी। उनकी पत्नी सोनम (25) और उसके प्रेमी राज कुशवाहा (20) समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक, सोनम ने अपने पति की हत्या के लिए राज और तीन अन्य लोगों की मदद ली थी।

नार्को टेस्ट की मांग- सचिन रघुवंशी ने कहा, हमें लगता है कि सोनम और कुशवाहा पुलिस को गुमराह कर रहे हैं। नार्को टेस्ट से ही सच्चाई सामने आएगी। उन्होंने कहा कि हत्या की साजिश में और भी लोग शामिल हो सकते हैं, जिनके नाम नार्को टेस्ट के बाद ही सामने आ सकते हैं। पुलिस के मुताबिक, सोनम और कुशवाहा ने हत्या की साजिश रची थी। कुशवाहा ने तीन अन्य लोगों को हत्या के लिए पैसे दिए थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

## ईरान-इजरायल के बीच संघर्ष के बाद एयरस्पेस बंद, एअर इंडिया समेत कई एयरलाइंस ने डायवर्ट की फ्लाइट



नई दिल्ली (एजेंसी)। इजरायल ने ईरान के कई ठिकानों पर शुक्रवार की सुबह जोरदार हमले किए। इससे पूरे ईरान में अफरा-तफरी मच गई। पलटवार करते हुए ईरान ने भी इजरायल पर ड्रोन दागे, लेकिन इजरायली सेना का दावा है कि सारे ड्रोन मार गिराए गए हैं और एक भी इजरायल की सीमा तक नहीं पहुंच पाया है।

वहीं दोनों देशों के बीच शुरू हुए इस संघर्ष का असर एयरलाइंस के परिचालन पर भी पड़ा है। इजरायल, ईरान, इराक और जॉर्डन ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है। एअर इंडिया और कतर एयरवेज समेत कई एयरलाइंस को अपनी फ्लाइट या तो रद करनी पड़ी या उन्हें डायवर्ट कर दिया गया।

इजरायल ने दुनियाभर में दूतावास बंद किए

एअर इंडिया ने भी इस संबंध में यात्रियों के लिए एडवाइजरी जारी की है। एयरलाइन ने कहा, ईरान में उत्पन्न हुई वर्तमान स्थिति और एयरस्पेस के बंद होने के बाद यात्रियों के सुरक्षा के लिए कई फ्लाइट डायवर्ट की जा रही हैं और कुछ अपने ओरिजन लौट रही हैं।

वहीं अब इजरायल ने दुनियाभर में अपने दूतावासों को बंद कर दिया है। इजरायल ने अपने नागरिकों को हिदायत दी है कि वह पब्लिक प्लेस में यहूदी या इजरायली प्रतीकों का प्रदर्शन न करें। ये दूतावास कब तक बंद रखे जाएंगे, इसके बारे में अभी तक कोई स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है।

## धुबरी में सांप्रदायिक तनाव के बाद एक्शन में सीएम हिमंत, उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। असम के धुबरी में रविवार को मंदिर के बाहर मांस फेंके जाने के बाद सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। सोमवार को कस्बे में इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया गया और स्थिति इतनी बिगड़ी गई थी कि इलाके में निषेधाज्ञा लागू कर सुरक्षा बलों को तैनात किया गया था।


अब असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने उपद्रवियों को देखते ही गोली मारने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर एक वीडियो पोस्ट की। इसमें उन्होंने कहा कि धुबरी में एक सांप्रदायिक ग्रुप मंदिरों को क्षति पहुंचाने की नीयत से सक्रिय हो चुका है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में शूट एट साइट का आदेश दिया गया है।

खुद करूंगा मंदिर की पहरेदारी- सांप्रदायिक तनाव फैलने के बाद सीएम हिमंत ने धुबरी का दौरा किया और अधिकारियों को असामाजिक तत्वों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाने का आदेश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि घटना में शामिल लोगों को बख्शा नहीं जाएगा।

उन्होंने एक अन्य पोस्ट में लिखा, %इस बार ईद पर कुछ असामाजिक तत्वों ने धुबरी के हनुमान मंदिर में गौ मांस फेंककर घृणित और निंदनीय अपराध किया! आगामी ईद पर अगर आवश्यकता पड़ी, तो मैं खुद रात भर हनुमान बाबा के मंदिर में पहरेदारी करूंगा।

बता दें कि असम के धुबरी जिले को लेकर इसके पहले भी विवाद हो चुका है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने राज्यसभा में एक संबोधन के दौरान धुबरी की तुलना मिनी बांग्लादेश से कर दी थी। इसके बाद विपक्ष ने भाजपा पर निशाना साधा था।

## एक्सिओम-4 मिशन की देरी पर आया ISRO का रिएक्शन, अंतरिक्ष के लिए कब उड़ान भरेंगे शुभांशु शुक्ला?



नई दिल्ली (एजेंसी)। एक्सिओम-4 मिशन में देरी के बीच भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने शुक्रवार को कहा कि सुरक्षा और मिशन की संपूर्णता उसके लिए सर्वोच्च प्राथमिकता है। वह इस संबंध में नासा, एक्सिओम स्पेस और स्पेसएक्स के साथ मिलकर काम कर रही है।

उल्लेखनीय है कि भारत के शुभांशु शुक्ला को तीन अन्य अंतरिक्षयात्रियों के साथ एक्सिओम-4 मिशन के तहत इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन जाना है। फिलहाल इस मिशन को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया है, क्योंकि अंतरिक्ष एजेंसियां मिशन लॉन्च करने से पहले विभिन्न मुद्दों का समाधान कर रही हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के अध्यक्ष वी नारायणन ने एक्स पर कहा, सुरक्षा और मिशन की संपूर्णता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकताएं हैं। उन्होंने बताया कि इस संबंध में इसरो एक्सिओम स्पेस, नासा और स्पेसएक्स के साथ मिलकर काम कर रही है। एक्सिओम-4 प्राइवेट मिशन के तहत अंतरिक्ष में भारत की वापसी में और देरी हो गई है।

मिशन को कर दिया गया है स्थगित - अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने गुरुवार को घोषणा की कि वह आईएसएस के रूसी मॉड्यूल में एक लीकेज की जांच कर रही है। नासा ने एक बयान मे कहा, नासा और एक्सिओम स्पेस आईएसएस के लिए एक्सिओम-4 मिशन के प्रक्षेपण को स्थगित कर रहे हैं।

एक्सिओम मिशन को पहले भी कई बार टालना पड़ा था। अंतरिक्षयात्रियों को मूल रूप से 29 मई को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से आइएसएस के सफर पर रवाना होना था, लेकिन इसे आठ जून तक टाला गया। इसके बाद 10 और 11 जून को भी मिशन टाला गया था। 11 जून को फाल्कन-9 राकेट में रिसाव का पता लगने पर मिशन स्थगित किया गया था।

## पतंजलि की फसल खरीदने की गारंटी के कारण हो रहा किसानों की आय में इजाफा



नई दिल्ली (एजेंसी)। कृषि के लिए सबसे ज़रूरी है अच्छी फसल लेकिन रासायनिक खादों का अत्यधिक उपयोग, जलवायु परिवर्तन और मिट्टी की गिरती गुणवत्ता के कारण खेती का भविष्य खतरे में दिखाई देता है। Sustainable agriculture या टिकाऊ खेती आजकल काफी ट्रेंड में है और इसमें कृषि का उज्ज्वल भविष्य भी साफ नजर आता है। ऐसे में पतंजलि ने खेती को प्राकृतिक, टिकाऊ और लाभदायक बनाने के लिए कई अहम कदम उठाये हैं जो न केवल किसानों के हित में हैं बल्कि पर्यावरण को संरक्षित करने के लिए भी कारगर साबित हो सकते हैं।

वैदिक खेती की वापसी- पतंजलि की खेती का तरीका प्राचीन वैदिक कृषि सिद्धांतों पर आधारित है, जिसमें प्रकृति, मिट्टी और मनुष्य के बीच संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया जाता है। इस दिशा में सोच रखते हुए पतंजलि ने केमिकल-फ्री खेती, गोबर की खाद और प्राकृतिक कीटनाशक के उपयोग को बढ़ावा दिया है।

Journal of Agroecology and Natural Resource Management की एक रिपोर्ट के मुताबिक़, प्राकृतिक या जैविक खेती से 40 से 50 प्रतिशत पानी की बचत होती है, साथ ही मिट्टी का उपजाऊपन भी लंबे समय तक बना रहता है।

मिट्टी की सेहत में सुधार - आपको बता दें कि सालों से होती आ रही रासायनिक खेती या केमिकल्स का उपयोग कर की जाने वाली खेती ने मिट्टी की उर्वरता को काफी कमजोर कर दिया है। उपजाऊपन को सुधारने के लिए पतंजलि अपनी कृषि पहलों के माध्यम से किसानों को जैविक खाद जैसे गोबर और बायो-एंजाइम्स का इस्तेमाल करके मिट्टी की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद कर रहा है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 शुक्ल पंचमी


## संपादकीय

# भारत की अत्यंत प्राचीन विरासत में से एक योग भी है....



भारत की अत्यंत प्राचीन विरासत में से एक योग भी है, आदि अनादि काल से ही योग एक जीवन जीने की कला और आज के आधुनिक डिजिटल युग में एक विज्ञान और औषधी रहित चिकित्सा पद्धति के रूप में वैश्विक स्तरपर लोकप्रिय हो चुका है, जिससे भारत की प्रतिष्ठा में चार चांद लग गए हैं इसका प्रत्यक्ष प्रमाण है,योग दिवस पर भारत का रिकॉर्ड-संयुक्त राष्ट महासभा में पीएम के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद 21 जून को 2015 को पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया।आयुष मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि 21 जून 2025 को राष्ट्रीय कार्यक्रम आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित होगा,जहां पीएम 5 लाख से अधिक प्रतिभागियों के साथ कॉमन योग प्रोटोकॉल (सीवाईपी) सत्र का नेतृत्व करेंगे। इसके साथ ही, देश भर में एक लाख से अधिक स्थानों पर %योग संगम% सत्र आयोजित किए जाएंगे, जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बनाएगा।उन्होंने ÷योगआंध्र÷ अभियान - जो राज्य भर में 10 लाख नियमित योग अभ्यासियों का समुदाय तैयार करने की एक महत्वाकांक्षी पहल है।चूँकि एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग सर्वे संतु निरामया यानें सभी रोग मुक्त हों तथा 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2025 को ऐतिहासिक बनाने के़ लिए तैयारियां जोरों पर है, विशाखापट्टनम में 5 लाख प्रतिभागियों के साथ पीएम बड़ा कॉमन योग प्रोटोकॉल का नेतृत्व करेंगे इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,पूरे भारत में एक लाख से अधिक स्थानों पर योग संगम सत्र आयोजन की तैयारीयाँ,जो इसे इतिहास में सबसे बड़े समन्वित योग प्रदर्शनों में से एक बना सकता है।

साथियों बात अगर हम 21 जून 2025 को होने वाले 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 क़ी ऐतिहासिक तैयारीयों की करें तो, वैश्विक भागीदारी पर अद्यतन जानकारी साझा करते हुए आयुष मंत्रालय के सचिव ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 के लिए 60 से अधिक देशों ने पहले ही संबंधित कार्यकलाप आरंभ कर दिये हैं। उन्होंने कहा कि विश्व भर में योग के प्रति उत्साही लोग सक्रिय रूप से एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम और दस प्रमुख कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे हैं,जो इस आंदोलन के वास्तविक अंतर्राष्ट्रीय चरित्र को दर्शाते हैं।आयुष मंत्रालय के अधिकारी ने संवाददाता सम्मेलन में आईडीवाई 2025 के परिमाण, विज़न और कार्यनीति का विवरण देते हुए एक व्यापक प्रस्तुति दी। उन्होंने आईडीवाई आंदोलन की एक दशक की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया,10 प्रमुख कार्यक्रमों की जानकारी दी और व्यापक तथा समावेशी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकारों, नागरिक समाज और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों के साथ सहयोगा त्मक साझेदारी पर प्रकाश डाला। साथियों बात अगर हम 100 दिनों से चल रही योग श्रृंखला की करें तो, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 में 100 दिनों तक चलने वाले दस सिग्नेचर इवेंट यानी प्रमुख कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिन्हें समाज के विभिन्न वर्गों के साथ तालमेल बिठाने और योग को जीवन के समग्र तरीके के रूप में बढ़ावा देने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

# विश्व रक्तदान दिवस



विश्व रक्तदान दिवस 14 जून को घोषित किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को रक्तदान दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1997 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 100 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान नीति की नींव डाली है। वर्ष 1997 में संगठन ने यह लक्ष्य रखा था कि विश्व के प्रमुख 124 देश अपने यहाँ स्वैच्छिक रक्तदान को ही बढ़ावा दें। उद्देश्य यह था कि रक्त की ज़रूरत पड़ने पर उसके लिए पैसे देने की ज़रूरत नहीं पड़नी चाहिए, पर अब तक लगभग 49 देशों ने ही इस पर अमल किया है। तंजानिया जैसे देश में 80 प्रतिशत रक्तदाता पैसे नहीं लेते, कई देशों जिनमें भारत भी शामिल है, रक्तदाता पैसे लेता है। ब्राजील में तो यह क़ानून है कि आप रक्तदान के पश्चात् किसी भी प्रकार की सहायता नहीं ले सकते। ऑस्ट्रेलिया के साथ साथ कुछ अन्य देश भी हैं जहाँ पर रक्तदाता पैसे बिलकुल भी नहीं लेते।

14 जून ही क्यों - बहुत कम लोग जानते हैं कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए 14 जून को ही विश्व रक्तदाता दिवस के तौर पर क्यों चुना ! दरअसल कार्ल लेण्डस्टाइनर (जन्म- 14 जून 1868 - मृत्यु- 26 जून 1943) नामक अपने समय के विख्यात ऑस्ट्रियाई जीवविज्ञानी और भौतिकीविद की याद में उनके जन्मदिन के अवसर पर दिन तय किया गया है। वर्ष 1930 में शरीर विज्ञान में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित उपरोक्त मनीषि को यह श्रेय जाता है कि उन्होंने रक्त में अग्गुल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्त का अलग अलग रक्त समूहों - ए, बी, ओ में वर्गीकरण कर चिकित्सा विज्ञान में अहम योगदान दिया।

भारत में रक्तदान की स्थिति- विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की ज़रूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी क़रीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल सैंकड़ों मरीज़ दम तोड़ देते हैं। राजधानी दिल्ली में आंकड़ों के मुताबिक़ यहां हर साल 350 लाख रक्त यूनिट की आवश्यकता रहती है, लेकिन स्वैच्छिक रक्तदाताओं से इसका महज 30 फीसदी ही जुट पाता है। जो हाल दिल्ली का है वही शेष भारत का है। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही सवा अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में कुल रक्तदान का केवल 59 फीसदी रक्तदान स्वेच्छिक होता है। जबकि राजधानी दिल्ली में तो स्वैच्छिक रक्तदान केवल 32 फीसदी है। दिल्ली में 53 ब्लड बैंक हैं पर फिर भी एक लाख यूनिट रक्त की कमी है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफ़ी पीछा छोड़ देते हैं। मालूम हो हाल में राजशाही के जोखड़ से मुक्त होकर गणतंत्र बने नेपाल में कुल रक्त की ज़रूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है।

रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियाँ- रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी ज़िंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमज़ोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महिनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह ग़लतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिकारक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस क़दर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भला बताइए क्या इससे पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है? विश्व रक्तदान दिवस समाज में रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांति को दूर करने का और रक्तदान को प्रोत्साहित करने का काम करता है। भारतीय रेडक्रास के राष्ट्रीय मुख्यालय के ब्लड बैंक की निदेशक डॉ. वनश्री सिंह के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफ़ी कुछ किया जाना बाकी है।

रक्तदान के सम्बन्ध में चिकित्सा विज्ञान- आमजन को यह पता होना चाहिए कि मनुष्य के शरीर में रक्त बनने की प्रक्रिया हमेशा चलती रहती है और रक्तदान से कोई भी नुकसान नहीं होता बल्कि यह तो बहुत ही कल्याणकारी कार्य है जिसे जब भी अवसर मिले संपन्न करना ही चाहिए।

रक्तदान के सम्बन्ध में चिकित्सा विज्ञान कहता है, कोई भी स्वस्थ्य व्यक्ति जिसकी उम्र 16 से 60 साल के बीच हो, जो 45 किलोग्राम से अधिक वजन का हो और जिसे जो एचआईवी, हेपाटिटिस बी या हेपाटिटिस सी जैसी बीमारी न हुई हो, वह रक्तदान कर सकता है।

एक बार में जो 350 मिलीग्राम रक्त दिया जाता है, उसकी पूर्ति शरीर में चौबीस घण्टे के अन्दर हो जाती है और गुणवत्ता की पूर्ति 21 दिनों के भीतर हो जाती है। दूसरे, जो व्यक्ति नियमित रक्तदान करते हैं उन्हें हृदय सम्बन्धी बीमारियां कम परेशान करती हैं। रक्त की संरचना ऐसी है कि उसमें समाहित लाल रक्त कोशिकाएँ तीन माह में (120 दिन) स्वयं ही मर जाते हैं, लिहाज़ा प्रत्येक स्वस्थ्य व्यक्ति तीन माह में एक बार रक्तदान कर सकता है। जानकारों के मुताबिक़ आधा लीटर रक्त तीन लोगों की जान बचा सकता है। चिकित्सकों के मुताबिक़ रक्त का लम्बे समय तक भण्डारण नहीं किया जा सकता है।

पेशेवर रक्तदानकर्ता- आज ब्लड बैंकों में कई पेशेवर रक्तदाता जब-तब रक्त बेचते हैं। तमाम शराबी, ड्रगिस्ट अपनी लत की भूख मिटाने के लिए थोड़े से पैसे की खातिर कई-कई बार रक्त बेचते हैं। इनमें से अधिकांश गंभीर रोगों से भी ग्रस्त होते है। अब ऐसा रक्त किसी को चढ़ा दिया जाए तो स्वाभाविक है कि वह बचने की बजाय बेमौत मारा जाएगा। लेकिन होता ऐसा ही है। आज भी दिल्ली, मुंबई सहित कई बड़े शहरों में ऐसे रक्तदाता मिल जाएँगे जो कि चंद रुपयों के लिए अपना रक्त बेच देते हैं। इनमें से अधिकांश का रक्त दूषित होता है या उन्होंने दो चार दिन के भीतर ही रक्त दिया रहता है। ज़रूरत पड़ने पर व्यक्ति इनसे रक्त तो ले लेता है, परंतु बाद में उसे इसके परिणाम भुगतने पड़ते हैं।

रक्तदानकर्ता- वैसे रक्तदान को लेकर विभिन्न ग़लतफहमियों का शिकार लोगों के लिए सुरेश कामदास, जिनकी उम्र फिलवक्त 75 साल है, एक जीता जागता जवाब हैं। 1962 से शुरू करके वर्ष 2000 तक वह 150 बार रक्तदान कर चुके हैं। यह अकारण नहीं कि वर्ष 2012 के जून माह में विश्व रक्तदान दिवस (14 जून) पर वे उन गिनेचुने लोगों में शामिल थे, जिन्हें सम्मानित किया गया। वैसे अब चूंकि डाक्टरों ने खुद उन्हें रक्त देने से मना किया है, उन्होंने अपने स्तर पर एक अलग किस्म की प्रचार मुहिम हाथ में ली है, लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की।

वैसे सुरेश कामदास जैसे लोग अकेले नहीं हैं जिन्होंने रक्तदान के प्रचार का बीड़ा उठाया है। रामपुरा फुल एक छोटासा क़स्बा है जो वहां की मण्डी के लिए मशहूर है। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि पंजाब के भटिण्डा शहर के इस कस्बे में आज से लगभग तीस साल पहले एक अलग किस्म के संगठित प्रयास की नींव पड़ी, जिसका प्रभाव न केवल समूचे ज़िले में बल्कि आसपास की अन्य मण्डियों में भी पहुंचा है। और इसका ताल्लुक किसी लेन-देन से नहीं है बल्कि एक अलग किस्म के दान से है, जिसके बारे में शेष हिन्दोस्तां के लोग बहुत उत्साहित नहीं रहते हैं।

दरअसल आम हिन्दोस्तानी भले ही रक्तदान करने से हिचकते हों, लेकिन भटिण्डा में आज दस हज़ार से अधिक स्वैच्छिक रक्तदानकर्ता हैं जो नियमित तौर पर रक्तदान करते हैं।

रक्तदान के लिए लोगों के इस बढ़ते उत्साह का ही परिणाम है आम तौर पर अपनी क्षमता से कम रक्त संग्रहित कर सकने वाले ब्लड बैंकों की देशभर की स्थिति के विपरीत यहां के ब्लड बैंकों को अपने यहां एकत्रित रक्त को आसपास के शहरों - फरीदकोट, पटियाला के मेडिकल कॉलेजों में भेजना पड़ता है।

# गिरते बाजार में सरकारी कंपनी ने कराई छप्परफाड़ कमाई, रॉकेट की रफ्तार से भागे शेयर



नई दिल्ली (एजेंसी)। 13 जून को जहां एक ओर भारतीय शेयर बाजार में गिरावट जारी है तो दूसरी ओर एक सरकारी कंपनी के शेयरों ने निवेशकों की छप्परफाड़ कमाई कराई। गुरुवार को शिपिंग शेयरों की मांग काफी अधिक रही। क्योंकि मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव ने टैंकर दरों में वृद्धि की आशंकाओं को जन्म दिया। इसी कारण भारत की सरकारी कंपनी शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के शेयर रॉकेट की रफ्तार से भागे। कंपनी के शेयर आज 14 फीसदी तक भागे। इसके शेयर 236 रुपये तक गए। इस खबर को लिखते समय कंपनी के शेयर 10.66 फीसदी यानी 22 रुपये की तेजी के साथ 228.40 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।

शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने इंट्रा डे पर ट्रेड करने वाले निवेशकों को करोड़पति बना दिया। जिन निवेशकों ने आज इंट्रा डे में शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया पर दांव लगाया उन्हें जबरदस्त फायदा हुआ। इसके अलावा GE Shipping के शेयरों में भी तूफानी तेजी देखी गई। कंपनी के शेयर 6 फीसदी तक भागे। इस खबर को लिखते वक्त कंपनी के शेयर 2.54 फीसदी की तेजी के साथ 999.80 रुपये पर ट्रेड कर रहे हैं।

अगर बिगड़ते हैं हालात तो शिपिंग कंपनी को होगा फायदा- अगर इजरायल और ईरान के बीच हालात और बिगड़ते हैं तो इसका सीधा फायदा शिपिंग कंपनियों को होगा। इसमें भारत की दो प्रमुख शिपिंग कंपनियां शामिल हैं। शिपिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और ग्रेट ईस्टर्न शिपिंग कंपनी लिमिटेड। इसमें सबसे ज्यादा फायदा Great Eastern Shipping Company Limited को होगा। क्योंकि इसके पास लगभग 50 प्रतिशत तेल और उत्पाद टैंकर हैं। यदि दोनों देशों के बीच संघर्ष जारी रहता है तो मिडिल ईस्ट में व्यापार चौपट होगा। जहाज इस क्षेत्र से दूर रहेंगे, जिससे वैश्विक शिपिंग आपूर्ति कम हो जाएगी। इससे टैंकर के रेट और भी अधिक बढ़ सकते हैं।

## 5 साल में 8000% का रिटर्न, कंपनी को मिला 'कवच सिस्टम' का काम



नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में जिन रेलवे स्टॉक ने अच्छा प्रदर्शन किया है। क्रेनेक्स सिस्टम्स के शेयरों में आज अपर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों का भाव 5 प्रतिशत चढ़ गया है। इस उछाल के बाद कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 1300.75 रुपये के लेवल पर पहुंच गया है। बता दें, कंपनी को 311.03 करोड़ रुपये का काम मिला है।

क्रेनेक्स सिस्टम्स के शेयरों की कीमतों में एक महीने में 64 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, 3 महीने में कंपनी के शेयरों का भाव 88 प्रतिशत चढ़ा है। हालांकि, इसके बाद भी इस साल यह स्टॉक 8 प्रतिशत टूटा है। बता दें, एक साल में रेलवे स्टॉक के शेयरों का भाव 246 प्रतिशत बढ़ा है। कंपनी का 52 वीक हाई 1584 रुपये और 52 वीक लो लेवल 359.70 रुपये है। कंपनी का मार्केट कैप 2179 करोड़ रुपये का है। 2 साल में कंपनी के शेयरों का भाव 295 प्रतिशत बढ़ा है। वहीं, 5 साल में कंपनी के शेयरों का भाव 8000 प्रतिशत बढ़ा है।

क्रेनेक्स सिस्टम्स ने 2007 में कंपनी ने 1:10 के हिसाब से बोनस शेयर दिया था। वहीं, आखिरी बार कंपनी ने 2012 में एक रुपये का डिविडेंड दिया था। इस कंपनी में प्रमोटर्स की हिस्सेदारी मार्च तिमाही के दौरान 29.09 प्रतिशत हिस्सेदारी थी।

## समंदर से तेल निकालने वाली इस कंपनी के शेयरों में तूफानी तेजी, इजरायल-ईरान की जंग से कंपनी को कैसे होगा फायदा?




नई दिल्ली (एजेंसी)। समंदर से तेल निकालने वाली भारत की सरकारी कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड के शेयरों में तेजी देखने को मिल रही है। 13 जून को NSE पर कंपनी का स्टॉक 255.55 रुपये पर ओपन हुआ। 12 जून को यह 247.88 पर बंद हुआ था। इसके शेयरों में उछाल की वजह ईरान और इजरायल के बीच संघर्ष है। दोनों देशों के बीच हो रहे संघर्ष की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला। तनाव की वजह से कच्चे तेल की कीमतों में 9त्न की तेजी देखी गई।

आज इंट्रा डे में ONGC के शेयरों ने 255.95 रुपये के हाई लेवल को छुआ। लेकिन बाद में यह थोड़ा नीचे आ गया। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में उछाल आया है। क्योंकि मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ने से आपूर्ति बाधित होने की आशंका बढ़ गई। ब्रेंट क्रूड ऑयल का भाव 75.67 डॉलर (9.10% ऊपर) और WTI क्रूड 74.38 डॉलर (9.32% ऊपर) तक पहुंच गया है। ऐसे में समंदर से तेल निकालने वाली सरकारी कंपनी को फायदा होना लाजमी है।

इजरायल-ईरान संघर्ष से कैसे होगा ONGC को फायदा- इजरायल और ईरान संघर्ष शुरू होने से कच्चे तेल के दामों में और भी तेजी आ सकती है। क्योंकि मिडिल ईस्ट के कई देश प्रमुख रूप से तेल उत्पादक हैं। ऐसे में संघर्ष होने की वजह से तेल उत्पादन कम होगा। इसके साथ ही इसे एक देश से दूसरे देश को निर्यात करने में भी समय लगेगा। इसी कारण समंदर से तेल निकालने वाली भारतीय कंपनी ओएनजीसी को फायदा होगा। क्योंकि यह कंपनी तेल निकालकर तेल मार्केटिंग कंपनियों जैसे हिंदुस्तान पेट्रोलियम, भारत पेट्रोलियम आदि को बेचती है।

कच्चे तेल के दामों में इजाफा होने से ONGC को अधिक फायदा होगा, जबकि इस कंपनी से तेल खरीदकर बेचने वाली कंपनियों को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## 330 रुपये बढ़ा टीवीएस ग्रुप की इस कंपनी के शेयर का भाव, कभी 36 थी कीमत




नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर बाजार में भारी गिरावट के बीच ञ्जङ्कस् ग्रुप की एक कंपनी का शेयर 11 फीसदी से ज्यादा चढ़ गया है। दरअसल, कंपनी के शेयरों में यह तेजी एक विदेशी कंपनी के साथ हुए अहम करार के बाद आई है। टीवीएस श्रीचक्र के शेयरों का भाव आज 330 रुपये से ज्यादा बढ़ गया। कंपनी के शेयरों में यह तेजी इसके शेयरधारकों के लिए बड़ी राहत है क्योंकि, टीवीएस श्रीचक्र के स्टॉक्स में पिछले एक साल से गिरावट देखी जा रही है। बीते एक वर्ष में इस कंपनी के शेयरों ने 25 फीसदी से ज्यादा का नेगेटिव रिटर्न दिया है।

टीवीएस श्रीचक्र, यूरोग्रिप ब्रांड के नाम से टायर्स का निर्माण करती है। इस कंपनी ने होंडा ताइवान के साथ पार्टनरशिप की है, और आधिकारिक तौर पर होंडा ताइवान के सेल्स-आफ्टर सर्विस नेटवर्क में इंटीग्रेटेड हो गया है। यह डेवलपमेंट कंपनी के लिए काफी पॉजिटिव है। इसी वजह से शेयरों में उछाल देखने को मिला है।

लंबी अवधि में दिया बेहतर रिटर्न- पिछले 5 सालों में टीवीएस श्रीचक्र के शेयरों ने 130 फीसदी का रिटर्न दिया है, जबकि अधिकतम अवधि में इस कंपनी के शेयरों ने निवेशकों का पैसा 80 गुना (8134%) कर दिया है। फिलहाल, कंपनी के मौजूदा शेयरों की कीमत 3211 रुपये है। साल 1999 में इस कंपनी के शेयरों की कीमत महज 36 रुपये थी।

# कोरोना काल से तेजी दिखा रहा 20 रुपये वाला यह शेयर, बारह महीने में 99.99% रिटर्न, 5 साल में 14 गुना हुआ

नई दिल्ली (एजेंसी)। शेयर मार्केट में पेनी स्टॉक्स और मल्टीबैगर शेयर्स पर हमेशा निवेशकों की नजर रहती है। क्योंकि, पिछले कुछ सालों में कई छोटे शेयरों ने मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। इसी लिस्ट में वैनबरी लिमिटेड के शेयर शामिल हैं, जिन्होंने 5 साल में 1450% रिटर्न दिया है। फार्मा कंपनी का यह शेयर मल्टीबैगर स्टॉक साबित हुआ है। खास बात है कि इस शेयर में कोरोना काल के बाद से लगातार तेजी देखने को मिल रही है।



आज गिरते बाजार में भी Wanbury Limited के शेयर 5 फीसदी तक की तेजी के साथ कारोबार कर रहे हैं। वहीं, पिछले एक सप्ताह से इस फार्मा कंपनी के शेयरों में बढ़त के साथ कारोबार हो रहा है।

कोरोना काल में सिर्फ 20 रुपये था भाव

Wanbury Limited के शेयरों ने पिछले एक साल में 99.99% का रिटर्न दिया है। वहीं, पांच साल में इस कंपनी के शेयर निवेशकों का पैसा 14 गुना कर चुके हैं। वैनबरी लिमिटेड के शेयरों का दाम कोरोना काल में आई गिरावट के दौरान 5 रुपये था और अब यह फार्मा स्टॉक 314 रुपये के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

घरेलू ब्रोकरेज फर्म वेंचुरा सिक्योरिटीज ने वैनबरी लिमिटेड के शेयरों पर खरीदी की सलाह दी है, 458 का टारगेट प्राइस दिया है। ऐसे में मौजूदा स्तरों से इसके भाव में तगड़ा उछाल देखने को मिल सकता है।

क्या है कंपनी का कारोबार- मुंबई स्थित वैनबरी लिमिटेड, भारत की सबसे तेजी से बढ़ती दवा कंपनियों में से एक है, जिसकी API ग्लोबाल मार्केट और घरेलू ब्रांडेड फॉर्मूलेशन में मजबूत उपस्थिति है। वैनबरी, 50 से अधिक देशों में एपीआई की बिक्री और मार्केटिंग का काम करती है।

इसके अलावा, यह फार्मा कंपनी कई दवाओं को निर्माण भी करती है। इनमें सर्दी-जुकाम, एलर्जी से लेकर विटामिन्स की टैबलेट तक शामिल हैं।

## अनिल अंबानी की दमदार वापसी, तगड़ा रिटर्न दे रहे रिलायंस के 3 शेयर, आपका है दांव?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अनिल अंबानी की ज्यादातर कंपनियों के शेयर लंबे समय से दबाव में रहे हैं। इस वजह से निवेशकों को भारी-भरकम नुकसान हो चुका है। हालांकि, बीते कुछ महीनों से अनिल अंबानी के रिलायंस ग्रुप की कंपनियों के शेयर तगड़ा रिटर्न दे रहे हैं। इनमें तीन कंपनियां- रिलायंस पावर, रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर और रिलायंस होम फाइनेंस के शेयर काफी डिमांड में रहे। आइए इन तीनों शेयर के तीन महीने के परफॉर्मेंस को देख लेते हैं।

पिछले तीन महीनों में इस शेयर में 107% की वृद्धि हुई है। इस अवधि में रिलायंस पावर का शेयर 34 रुपये से 70 रुपये तक पहुंच गया है। हाल ही में इसने 52-सप्ताह के अपने उच्चतम स्तर 76 रुपये को छुआ है। शुक्रवार को रिलायंस पावर के शेयर की कीमत 67 रुपये के स्तर पर थी। बता दें कि रिलायंस पावर को वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में 126 करोड़ रुपये का लाभ हुआ है।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# किसान से 10 हजार रुपये लेते लोकायुक्त ने बाबू को धरदबोचा, अतिक्रमण हटाने के नाम पर मांगी थी रिश्वत



शिवपुरी। तहसील कार्यालय में भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला सामने आया है। लोकायुक्त की टीम ने शुक्रवार को पोहरी तहसील में पदस्थ एक बाबू को 10 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी बाबू तहसीलदार के नाम पर अतिक्रमण हटवाने की प्रक्रिया में आदेश जारी कराने के लिए किसान से 20 हजार रुपये की रिश्वत मांग रहा था। किसान ने रकम घटाने की बात कही, तो बाबू 10 हजार रुपये लेने को तैयार हो गया। लोकायुक्त ने रकम लेते उसे मौके पर ही पकड़ लिया।नाले का पानी खेत में भरने से खराब हो रही थी फसलजानकारी के मुताबिक, ग्राम बरईपुरा निवासी अतर सिंह धाकड़ व उनके भाई नारायण धाकड़ की कृषि भूमि पर ओमप्रकाश शाक्य और अन्य ने अवैध कब्जा कर लिया था।

इस अतिक्रमण के चलते वहां से गुजरने वाले नाले का प्रवाह रुक गया, जिससे नाले का पानी अतर सिंह के खेत में भरने लगा और उनकी फसलें बर्बाद होने लगीं। परेशान होकर अतर सिंह ने 26 जुलाई 2024 को तहसीलदार निशा भारद्वाज को शिकायत सौंपी थी।

शिकायत पर कार्रवाई करते हुए तहसील कार्यालय में अतिक्रमण प्रकरण क्रमांक 306/आर-68/2024-25 दर्ज किया गया। पटवारी से मौका मुआयना कर रिपोर्ट मंगवाई गई। जांच में अतिक्रमण की पुष्टि हुई, जिसके बाद अतिक्रमण हटवाने के आदेश जारी होने थे। आदेश निकालने के एवज में बाबू पुनीत गुप्ता ने 20 हजार रुपये की मांग की।लोकायुक्त ने योजना बनाकर पकड़ा

किसान अतर सिंह ने जब पैसे देने में असमर्थता जताई तो बाबू ने साफ कहा कि तहसीलदार का स्तर बड़ा है, इसलिए कम पैसे में काम नहीं होगा। इस पर किसान ने 10 जून 2025 को लोकायुक्त कार्यालय में शिकायत दर्ज करवा दी। शिकायत की जांच में आरोप सही पाया गया और बाबू 10 हजार रुपये में सौदा करने को तैयार हो गया।

इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने योजना बनाकर शुक्रवार को अतर सिंह को पैसे के साथ बाबू के पास भेजा। जैसे ही बाबू पुनीत गुप्ता ने रिश्वत की रकम हाथ में ली, लोकायुक्त टीआई कवीन्द्र सिंह चौहान और उनकी टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया।

15 सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई इस कार्रवाई को अंजाम देने में टीआई कवीन्द्र सिंह चौहान के साथ निरीक्षक बलराम सिंह राजावत, अंजली शर्मा सहित 15 सदस्यों की टीम शामिल रही। लोकायुक्त ने आरोपी बाबू के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है और आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

## दौड़ती कार बनी आग का गोला, चंद मिनटो में खाक; कूदकर बचाई परिवार ने जान



शिवपुरी। सुरवाया थाना क्षेत्र के फोरलेन हाईवे पर शुक्रवार की दोपहर एक कार में शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। देखते ही देखते पूरी कार को आग की लपटों ने घेर लिया।

कार में सवार परिवार आग फैलने के पहले ही सुरक्षित बाहर निकल आया। मामले की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आगजनी कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। ससुराल घूमने जा रहा था परिवार

जानकारी के अनुसार कानपुर निवासी सय्यैद शहनबाज अपनी इग्निस कार से परिवार के साथ वीक एंड की छुट्टियां मनाने के लिए गुना स्थित ससुराल जा रहे थे। कार में तीन पुरूष, दो महिला व एक बच्चा सवार था। शुक्रवार की सुबह कानपुर से चलकर दोपहर के समय वह अमोला व सुरवाया के बीच में पहुंचे।

भीषण गर्मी के कारण कार गर्म होने से इंजन में शॉर्ट सर्किट हुआ। कार ने आग पकड़ ली। कार चला रहे सय्यैद शाहनबाज के भांजे मेहमूद को लगा की चलती कार के इंजन में आग लग गई। इस पर उन्होंने कार को सड़क किनारे खड़ा कर पूरे परिवार को बाहर निकाला।

आग से जली पूरी कार उसके आग को बुझाने की कोशिश से पहले ही आग ने भीषण हो गई। पूरी कार आग की चपेट में आकर जल गई। कार में सवार लोगों को कुछ मिनट तक पता नहीं चलता कि कार में आग लग गई है, तो शायद यह हादसा और भी गंभीर हो सकता था।

# आंगन में खेल रही तीन बच्चियों पर गिरा बिजली का तार...एक की मौत, 2 का इलाज जारी



नेपानगर। ग्राम बोरसल में शुक्रवार सुबह एक ह्दय विदारक घटना सामने आई है। जिसमें घर के आंगन में खेल रही तीन मासूम बच्चियों पर बिजली का तार टूट कर गिर गया। करंट लगने से सात साल की कुरबी पुत्री मंगल की मौत हो गई, जबकि दो बच्चियां शिवानी पुत्री मंगल पांच वर्ष और ऋषिका पुत्री बिरजू छह वर्ष गंभीर रूप से झुलस गई हैं। दोनों जिला अस्पताल में जिंदगी की जंग लड़ रही हैं।बिजली की तार टूटने से हुई घटना

जानकारी के अनुसार सुबह नौ बजे के आसपास तीनों बच्चियां खेल रही थीं। तभी घर को रोशन करने के लिए दूसरे झोपड़े से खींचा गया बिजली का तार टूट कर उन पर आ गिरा। नेपानगर के सहायक यंत्री आरबी पाटिल ने कहा कि एक मकान से दूसरे टपरे में अवैध रूप से तार खींच कर बिजली जलाई जा रही थी। सपोर्टिंग तार टूटने से बिजली का तार भी टूटकर नीचे गिर गया। जिससे तीनों बच्चियां करंट की जद में आ गईं।दूसरी बेटी के जीवन के लिए कर रहे हैं दुआ

सूचना मिलने पर तहसीलदार जितेंद्र अलावा और नेपानगर विद्युत वितरण केंद्र के सहायक यंत्री आरबी पाटिल घटना स्थल पर पहुंचे थे। मृत बालिका के पिता मंगल पुत्र शंकर नगर पालिका नेपानगर में अनुकंपा नियुक्ति के आधार पर भृत्य के पद पर कार्यरत हैं। जबकि पड़ोसी बिरजू पुत्र सुखलाल मजदूरी कर परिवार की गुजर बसर करता है। घटना के बाद से गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृत बच्ची की मां सहित स्वजन का रो-रोकर बुरा हाल है। अब वह अपनी दूसरी बेटी शिवानी के जीवन के लिए दुआ कर रही है।

समय पर उपचार मिलता तो बच जाती कुरबी

करंट से झुलसी बच्चियों को स्वजन तुरंत नेपानगर के शासकीय अस्पताल लेकर पहुंचे थे, जहां इलाज की जगह उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्वजन उसे लेकर रवाना हुए लेकिन कुरबी ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यदि नेपानगर में तत्काल बच्ची को उपचार मिल जाता तो कुरबी की जान बच सकती थी। ज्ञात हो कि नेपानगर में लाखों रुपये खर्च कर नया अस्पताल बनाया गया है, लेकिन डॉक्टर और संसाधन नहीं होने के कारण लोगों को आपात स्थिति में उपचार नहीं मिल पा रहा है।

## वृद्ध ने हैंडपंप से पानी भरने से रोका, युवकों ने सब्बल मारकर कर दी हत्या



सागर। जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पनारी में गुरुवार रात पानी भरने को लेकर बड़ा विवाद हो गया। जिसमें दो पक्ष आमने सामने से गये। मामला इतना बढ़ गया कि एक बुजुर्ग की सब्बल मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के बाद इलाके में सनसनी फैल गई। वहीं, मामले में पुलिस जांच कर रही है।

दरअसल महाराजपुर थाना के ग्राम पनारी में बीती रात्रि पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। एक युवक गांव में लगे हैडपंप से पानी भरने के लिए गया हुआ था। इस दौरान हैडपंप के पास रहने वाले कल्याण नाम के एक बुजूर्ग ने युवक को पानी लेने से मना किया। जिसके बाद युवक नाराज होकर वहां से अपने घर चला गया। इसके कुछ देर बाद युवक अपने तीन चार साथियों के साथ वहां वापस लौटा और मृतक कल्याण पर लोहे की रॉड और सब्बल से हमला कर दिया। इस हमले में कल्याण गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे मौके पर छोड़कर आरोपित युवक वहां से फरार हो गए।आरोपियों की तलाश में जुट पुलिस मामले की सूचना लगते ही स्वजन मौके पर पहुंचे। घायल कल्याण को 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र देवरी ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस पर परिजनों ने घटना की सूचना महाराजपुर थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर शव स्वजन को सौंप दिया है। साथ ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपितों की तलाश जुटी हुई है।बाहुबली कालोनी में घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी सागर के कोतवाली थाना क्षेत्र के बाहुबली कालोनी में कपड़ा व्यापारी के मकान के बाहर खड़ी मोटर साइकिल चोरी हो गई। पुलिस ने मामला कायम कर चोर की तलाश शुरू कर दी है।

## दस हजार में डाक्यूमेंट खरीदे, ऑनलाइन अकाउंट खोलकर 15 हजार रुपये में ठगों को बेच दिए

भोपाल। शेयर बाजार में आईपीओ के जरिए निवेश करने पर मोटे मुनाफे का लालच देकर लोगों से ठगी करने वाले एक गिरोह को भोपाल साइबर पुलिस ने राजस्थान के बाड़मेर और जोधपुर से गिरफ्तार किया है।

मुख्य आरोपित निम्बाराम कॉलेज के छात्रों को निशाना बनाकर उनसे बैंक खाते खुलवाने के लिए दस्तावेज खरीदता था और पांच हजार रुपये के कमीशन पर खाता खोलकर गिरोह के मुख्य सरगना को बेचता था। बाद में ठग लोगों से धोखाधड़ी कर इन्हीं बैंक खातों का उपयोग लेनदेन में करते थे।कॉलेज छात्रों को बनाता था निशाना पुलिस इस मामले में कमीशन पर खाते बेचने वाले एजेंट, एक खाता धारक सहित तीन को गिरफ्तार कर चुकी है। ठगी करने वाले मुख्य आरोपितों की तलाश जारी है। एसआई भरत प्रजापति के अनुसार 22 वर्षीय निम्बाराम बाड़मेर के चौहटन में रहता है, जो क्षेत्र में रहने वाले कॉलेज छात्रों को निशाना बनाकर उनसे 10 हजार रुपये तक में बैंक खाते खुलवाने के लिए दस्तावेज खरीदता था।बाद में उन्हीं दस्तावेजों से ऑनलाइन और ऑफलाइन बैंक खाते खुलवाता और 15 हजार रुपये में ठगों को बेच देता था। इस तरह तीन महीने में उसने 50 से अधिक बैंक खातों को बेच दिया था।




# सभी संभागीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली को 15 जुलाई तक अनिवार्य रूप से लागू किया जाये

## संभागायुक्त दीपक सिंह की अध्यक्षता में ई-ऑफिस प्रणाली एवं टीएल बैठक आयोजित



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में आज ई-ऑफिस कार्यप्रणाली एवं टीएल (समय सीमा पत्रों की समीक्षा) बैठक संभागायुक्त कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस. रणदा, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, डिप्टी कमिश्नर श्री बृजेश पांडे एवं डिप्टी कलेक्टर सुश्री सीमा कनेश सहित कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य एवं यात्रिकी विभाग आदि विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने विभिन्न विभागों में प्रस्तावित ई-ऑफिस कार्यप्रणाली की समीक्षा की। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी संभागीय कार्यालयों में आगामी 15 जुलाई 2025 तक ई-ऑफिस प्रणाली को अनिवार्य रूप से लागू किया जाये। इस कार्य के लिए जो भी शिक्षण, प्रशिक्षण होना है, उसे गंभीरता के साथ पूरा किया जाये। ई-ऑफिस कार्यप्रणाली के लिए विशेष कार्ययोजना बनाकर इसे समय सीमा में लागू करने के सतत प्रयास किये जायें। उच्च अधिकारी सतत मॉनिटरिंग करें। इस कार्य में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समय सीमा का विशेष ध्यान रखें। इस कार्य में किसी भी तरह की लापरवाही और अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं की जायेगी। बैठक में बताया गया कि कुछ विभागों में ई-ऑफिस कार्यप्रणाली की शुरूआत हो गई है, लेकिन वह अभी तक पूरी तरह से लागू नहीं हो पायी है।

संभागायुक्त श्री सिंह ने कहा कि ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को लागू करने के लिए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण लेना आवश्यक है। बैठक में बताया गया कि ई-ऑफिस कार्यप्रणाली को लागू करने के लिए चरणबद्ध कार्ययोजना है। जिसके तहत प्रथम चरण में 20 जून से सभी अधिकारियों/कर्मचारियों की सूची व ईमेल आईडी का निर्माण किया जायेगा, जिसमें सभी कार्यालयों से नाम, पदनाम व कार्य स्थल की जानकारी संकलित कर प्रणाली में प्रविष्ठ किया जाना है। द्वितीय चरण में 25 जून से ई-ऑफिस हेतु आवश्यक हार्डवेयर, कम्प्युटर, स्केनर, प्रिंटर, इंटरनेट एवं कनेक्टिविटी आदि की उपलब्धता का मूल्यांकन किया जायेगा। तीसरे चरण में 1 से 5 जुलाई तक संभागीय मुख्यालय पर जिला प्रमुख अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यशाला का आयोजन होगा।

## बाल श्रमिक रखना दण्डनीय अपराध है



इंदौर। सहायक श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर में 12 जून विश्व बालश्रम निषेध दिवस पर जिला टास्क फोर्स कार्यशाला का आयोजन किया गया। तदुपरांत टास्क फोर्स के सदस्यों द्वारा मोती तबेला, राजवाडा एवं सराफा क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाया गया एवं बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम 1986 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी दी गई।

जनजागरूकता अभियान में जानकारी दी गई कि अधिनियम की धारा 3 के अंतर्गत 14 वर्ष तक के बाल श्रमिक का खतरनाक एवं गैर खतरनाक सभी प्रकार के नियोजनों में नियोजन पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसी प्रकार अधिनियम की धारा 3 ए के अंतर्गत 14 से 18 वर्ष के कुमार श्रमिकों का खतरनाक उद्योगों में नियोजन प्रतिबंधित है। बाल श्रमिक पाये जाने पर 20 हजार रूपये से 50 हजार रूपये तक का जुर्माना एवं 6 माह से 2 वर्ष तक के कारावास की सजा है।

अभियान अंतर्गत चयनित क्षेत्र के नियोजकों को शपथ दिलाई गई कि वह अपनी संस्थान में कभी भी बाल श्रमिक को नियोजित नही करेंगे एवं किसी संस्थान में बाल श्रमिक नियोजित पाए जाने पर चाईल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 व पेंसिल पोर्टल pencil.gov.in पर शिकायत करेंगे।

## बेहतर समाज के लिए आम जन को आगे आना होगा- सिंह



इंदौर। सोशल रिफार्म एक्टिविस्ट दीप्ति परमेश्वरी सिंह ने कहा कि बेहतर समाज बनाने के लिए आम जनता को पर्यावरण, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम अपने हाथों में लेना होंगे। उन्होंने कहा कि सरकार और शासकीय प्रक्रिया की एक सीमा है और हम बेहतरी के लिए लंबा इन्तजार नहीं कर सकते।

सुश्री सिंह स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के रूबरू कार्यक्रम में मीडियाकर्मियों से चर्चा कर रही थीं। उन्होंने बताया कि अपने एनजीओ के माध्यम से बगैर किसी शासकीय सहायता के उन्होंने विगत आठ-दस वर्षों में 1400 से अधिक बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित और सहयोग किया। वृक्षारोपण के क्षेत्र में भी उनकी संस्था अथक प्रयास कर रही है। फलों की गुठलियों के माध्यम से फलदार पौधे लगाने का अभियान अब फल देने में तब्दील हो चुका है। पौधारोपण के क्षेत्र में किए गए कार्यों की वजह से उन्हें वृक्षकन्या की उपाधि से नवाजा गया।

सुश्री सिंह गुर्जर महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह की बेटी हैं। उन्होंने बताया कि बचपन से पिता को पुलिस अधिकारी के साथ सामाजिक कार्यों में संलग्न देख उन्हें भी समाजसेवा की प्रेरणा मिली। इन दिनों वे खंडवा लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि इन इलाकों में धर्मांतरण रोकना, संस्कार केन्द्रों एवं नशा मुक्ति केन्द्रों की स्थापना करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है।

एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने बताया कि बच्चों को स्कूल के साथ-साथ घर में भी संस्कार मिलना चाहिए अन्यथा सोनम जैसे जघन्य अपराध सामने आते रहेंगे। उन्होंने बताया कि उनकी संस्था प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में बच्चों को सामाजिक संस्कार देने का काम भी करते हैं।

## सांवेर में 2 करोड 92 लाख रुपये लागत की 26 आंगनवाडी भवन स्वीकृत

इंदौर। संचालनालय महिला एवं बाल विकास म.प्र.शासन भोपाल द्वारा सांवेर विधानसभा के 25 ग्राम पंचायतों में 11 लाख 22 हजार के मान से 26 आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण के लिए 2 करोड़ 92 लाख रुपये स्वीकृत किए गए हैं। जिसकी प्रथम किश्त के रूप में 25 पंचायतों में 77 लाख रुपये की राशि डाली गई है। जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा की आंगनवाड़ी भवन विहीन 25 पंचायतों - मांगलिया सड़क, बडोदियाखान, जैतपुरा, हिण्डोलिया, बावल्याखेड़ी, बारोली, कछालिया, बालरिया, रिंगनोदिया, समरोल, खामोद आंजना, कजलाना, कटक्या, राजोदा, अर्जुन बरोदा, पिपलिया कायस्थ, खतेडिया बज्जात, बसान्द्रा, मुराद्पुरा, मुण्डला हुसैन, असरावद बुजुर्ग, अलवासा, कदवा, सोलसिन्दा में आंगनवाड़ी भवन की आवश्यकता थी। वर्तमान में यह आंगनवाडियां किराये के भवनों और ग्राम पंचायतों में संचालित हो रहे हैं। इन ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी भवन बन जाने से 25 सभी ग्राम पंचायतों की माता-बहनों, प्रसूति महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को शासन की समस्त योजनाओं एवं विभिन्न गतिविधियों का लाभ होगा।

## संभाग के सभी जिलों में 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन होगा



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की अध्यक्षता में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर को लेकर आज बैठक आयोजित की गई। कमिश्नर कार्यालय में आयोजित इस बैठक में संयुक्त आयुक्त विकास श्री डी.एस. रणदा, अपर कलेक्टर श्री रिंकेश वैश्य, डिप्टी कमिश्नर श्री बृजेश पांडे सहित शिक्षा विभाग, लोक स्वास्थ्य यात्रिकी विभाग, कृषि विभाग, महिला एवं बाल विभाग, ऊर्जा विभाग, जनजातीय कार्य विभाग आदि विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि संभाग के सभी जिलों में आगामी 15 जून से 30 जून तक धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान जागरूकता एवं लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिस गाँव की जनसंख्या 500 या उससे अधिक है और वहां 50 प्रतिशत से अधिक जनजातीय समाज के व्यक्ति हो, तो उन्हें केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है। संभाग में कुल 54 ब्लॉक है, जिसके अंतर्गत 3 हजार 373 जनजातीय वर्ग के ग्राम है।

## इन दस्तावेज के नहीं मिलेगा रेल टिकट, नए नियमों ने मचाई खलबली



इंदौर। अब जुलाई महीने से रेलवे की यात्रा के लिए रिजर्वेशन करने के पहले आम जनता को अपना आधार कार्ड ढ्ढक्रष्टञ्जष्ट पर अपलोड करना होगा। इसके बाद ही आपका टिकिट बुक हो पाएगा। रेलवे ने इसके लिए निर्देश जारी किए हैं जो एक जुलाई से लागू होंगे। भारतीय रेल के नए अपडेट आए

पश्चिम रेलवे इंदौर के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि अभी तक रेलवे से यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट बुक करने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से टिकट बुक करने की सुविधा मिल रही है। अब भारतीय रेल की ओर से अब नया अपडेट जारी किया गया है। जिसके तहत यात्रा करने वाले यात्रियों को टिकट बुक करने के पहले अपना आधार कार्ड आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा साथ ही आईआरसीटीसी के मोबाइल एप्लीकेशन पर भी टिकट बुक करने के पहले आधार कार्ड लिंक करना होगा। इसके बाद ही टिकट जनरेट हो पाएगा।

एजेंट के लिए भी बुकिंग के नए नियम- मध्यप्रदेश के अधिकतर हिस्सों में ट्रेनों का संचालन करने वाले पश्चिम रेलवे मंडल रतलाम द्वारा भी इस बारे में निर्देश जारी किया है। इस बारे में जानकारी देते हुए पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी खेमराज मीणा ने बताया कि रेलवे की ओर से जारी किए गए निर्देश के बाद अब प्रत्येक यात्री को टिकट बुक करने के पहले अपना आधार कार्ड आईआरसीटीसी की वेबसाइट और मोबाइल एप्लीकेशन पर अपलोड करना होगा। जिसके आधार पर यात्री का टिकट बुक किया जाएगा। यह सुविधा सीधे टिकट बुक करने वाले यात्रियों के लिए है। जबकि टिकट बुकिंग में पारदर्शिता लाने के लिए रेलवे से जुड़े एजेंट बुकिंग शुरू होने के आधे घंटे बाद टिकट बुक कर पाएंगे जिससे रेलवे के अलावा यात्रियों को भी काफी सुविधा होगी।

## प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में 726 लोगों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



इंदौर। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर असंक्रामक रोगों की रोकथाम के लिये स्वास्थ्य विभाग और अरविंदो मेडिकल कॉलेज द्वारा सीएमराइज स्कूल नन्दा नगर में प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में कुल 726 लोगों का पंजीयन किया गया और विभिन्न विभागों द्वारा विस्तृत स्वास्थ्य परीक्षण किए गए। शिविर में कैंसर, टीबी, हड्डी, हार्ट, लीवर एवं गठिया रोग, दंत रोग एवं नेत्र रोगों आदि से जुड़ी लगभग 3000 से अधिक जाँचें की गईं। इनमें मुख्य रूप से 134 ईसीजी, 135 फाइब्रोस्कैन, 339 एचबी, 447 आरबीएस, 186 एसजीपीटी, 186 एसजीओटी, 186 लिपिड प्रोफाइल, 124 ईको, 118 यूएसजी, 30 मैमोग्राफी, 40 पेपस्मियर, 276 जनरल मेडिसिन, 156 कार्डियोलॉजी, 165 गैस्ट्रोलॉजी, 36 टीबी चेस्ट स्क्रीनिंग, 70 गायनेकोलॉजी, 44 पल्मोनरी, 106 रूमेटोलॉजी, 62 कैंसर स्क्रीनिंग, 78 डेंटल चेकअप जाँचें विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने नागरिकों से अपील की है कि वे इन शिविरों का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

अरविंदो अस्पताल के चेयरमैन डॉ. विनोद भंडारी ने बताया कि प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर में विभिन्न जाँचों के दौरान ऐसे मरीजों को विशेष रूप से चिन्हित किया गया जो पहले से ही किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं अथवा जिनके निकट भविष्य में किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने की संभावना है। शिविर में कैंसर, पेट से जुड़े रोग, नेत्र, दंत, जनरल मेडिसिन, हृदय रोग, लीवर और टीबी आदि रोगों की जाँच एवं इलाज के लिए विशेषज्ञ चिकित्सक उपस्थित रहे। प्रीवेंटिव हेल्थ केयर शिविर का उद्देश्य नागरिकों में रोगों की पूर्व पहचान कर समय पर उपचार की सुविधा देना था। आभा एवं आयुष्मान योजना के तहत भी सैकड़ों मरीजों का इलाज कर चिकित्सा परामर्श दिया गया।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषणं मृग्धरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत जांच शिविर आयोजित

उज्जैन । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला उज्जैन डॉ. अशोक कुमार पटेल द्वारा जानकारी देते हुवे बताया कि गत दिवस ग्लोवल फैटी लिवर दिवस मनाया गया । स्वस्थ्य यकृत मिशन के अंतर्गत ग्लोबल फैटी लिवर दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक गत दिवस नॉन एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज के जाँच शिविर का आयोजन चरक भवन, जिला चिकित्सालय उज्जैन में किया गया। शिविर में 30 वर्ष से 65 वर्ष की आयु वर्ग के लोगों की नान एल्कोहलिक फैटी लिवर डिजीज की जाँच तथा जोखिम कारको की पहचान और मूल्यांकन, समुदाय में यकृत स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, संदिग्ध और पुष्ट मामलों के लिए रैफरल कर मरीजों की जाँच / परामर्श संबंधी गतिविधि की गई।




स्वस्थ यकृत मिशन की स्क्रीनिंग एवं उपचार को गुणवत्तापूर्ण संचालित किये जाने हेतु प्रदेश में स्वास्थ्य यकृत मिशन का शुभारम्भ दिनांक 21 मई 2025 को माननीय राज्यपाल महोदय एवं मननीय मुख्यमंत्री महोदय के द्वारा किया गया है।

मोटापा, मधुमेह, बैठे रहने की जीवनशैशी और मेटाबॉलिक सिंड्रोम जैसे कारकों के चलते आज भारत में हर 3 में से 1 वयस्क नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिसीज (एनएए फएलडी) से पीड़ित है। शराब के सेवन के बिना भी जो लोग फैटी लिवर की समस्या से जूझ रहे हैं, ऐसे में उनकी पहचान और समुचित उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग अभियान शुरू करने जा रहा है। इसे स्वस्थ यकृत मिशन नाम दिया गया है। अभियान के दौरान तीन मापदंडों पर मरीजों की स्क्रीनिंग की जाएगी। पीड़ित मिलने पर मरीज का पंजीयन कर जरूरी उपचार के लिए जागरूक भी किया जाएगा।

# गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज का ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर का समापन



उज्जैन। 12 जून को ग्रीष्मकालीन तैराकी शिविर का समापन बुधवार को महानंदा तरणताल में हुआ 7 15 दिवस तक चले निशुल्क तैराकी शिविर में 70 से ज्यादा बच्चों ने तैराकी के गुर सीखे। समापन पर गुर्जर गौड़ ब्राह्मण समाज द्वारा बच्चों को प्रमाण पत्र देकर उनका उत्साह बढ़ाया गया।

इस दौरान अतिथियों ने अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी रूचि रखें।

शिविर मे मुख्य अतिथि इस्कॉन मंदिर के श्रद्धेय राघव पंडित द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किये गए।इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी द्वारा महानंदा स्विमिंग पूल के मुख्य कोच हरीश जी शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय कोच चंद्रेश शर्मा एवम अविनाश का सम्मान किया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सूरज प्रकाश रैना, नितिन उपाध्याय, दिनेश शर्मा, बसंत त्रिवेदी, अनिल शर्मा, प्रवीन शर्मा, गौरव उपाध्याय ,सुनील शर्मा मातृशक्ति में सुरक्षा तिवारी ,मीता शर्मा, रतना शर्मा, दीपिका त्रिवेदी, रीना शर्मा ,शिखा शर्मा के साथ साथ अन्य समाज जन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन न्यास के सचिव मनोज व्यास द्वारा किया गया।

## सिटी प्रेस क्लब मीडिया परिवार के मेधावी बच्चों का करेगा सम्मान, मेडल एवं नगद पुरस्कार दिये जाएंगे



उज्जैन। सिटी प्रेस क्लब द्वारा 29 जून को प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है जिसमें मीडिया परिवार के होनहार छात्र-छात्राओं का सम्मान होगा तथा उन्हें मेडल, सम्मान पत्र एवं नगद राशि बतौर पुरस्कार दी जाएगी।

सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष शैलेंद्र कुल्मी ने बताया कि वर्ष 2024-25 की परीक्षा में 80

प्रतिशत या उससे अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थी 22 जून तक अपनी अंकसूची की फोटो कॉपी जमा करा सकते हैं। प्रतिभा सम्मान समारोह में स्कूली शिक्षा के 5वीं से 12 तक के छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

# पर्यावरण बचाने के लिए भारतीय मजदूर संघ ने सौंपा 8 सूत्री मांगों का ज्ञापन




उज्जैन। पर्यावरण को बचाने के लिए भारतीय मजदूर संघ प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर उज्जैन जिले में भी जिला शाखा उज्जैन के द्वारा पर्यावरण बचाने के लिए जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें प्रमुख रूप से 8 सूत्री मांगे रखी गई।

भारतीय मजदूर संघ क जिला मीडिया प्रभारी गुलशन मंसूरी ने बताया कि ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि वायु प्रदूषण पर विशेष ध्यान दिया जाए। शहरों में प्रदूषण वाली जगह पर इलेक्ट्रॉनिक बोर्ड लगाए जाए, नदी नालों के जल को दूषित होने के उपाय खोज कर जल को दूषित होने से बचाया जाए, शासकीय व निजी आवासों के आसपास वाटर हार्वेस्ट सिस्टम लगाकर वर्षा के जल को भूजल में नियम अनुसार रिचार्ज करने की व्यवस्था की जाए। ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों पर कार्रवाई की जाए। ध्वनि प्रदूषण से स्वास्थ्य में हानि पहुंच रही है ध्वनि प्रदूषण पर रोकथाम लगाई जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से भारतीय मजदूर संघ के उज्जैन आगर विभाग प्रमुख सतीश शर्मा, वरिष्ठ कर्मचारी नेता लक्ष्मी नारायण रजक, जिला मंत्री किशन सिंह शेखावत, राज्य कर्मचारी संघ से ओम प्रकाश यादव, मनोज मोरटे, स्ट्रीट वेंडर से संजय चौहान, कालूराम चौहान, शंकर परमार, बल्लू ठाकुर, पंकज तिलवंकर, अमित व्यास सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महामंडलेश्वर राजराजेश्वर नाथ महाराज ने बाबा महाकाल के दर्शन कर शिप्रा नदी का निरीक्षण किया



उज्जैन। नासिक से उज्जैन पहुंचे पंचदशनाम महाकाल आखाडा के श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राजराजेश्वरनाथ त्रंबकेश्वर महाराज ने महाकाल मंदिर में बाबा महाकाल के दर्शन किए और शिप्रा नदी का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शिप्रा नदी की सफाई और संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की।

महामंडलेश्वर राजराजेश्वर नाथ महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि महाकाल के आशीर्वाद से एवम मुख्यमंत्री के प्रयासों से शिप्रा नदी जल्द ही स्वच्छ और सुंदर हो जाएगी। प्रदेश की जनता का भी दायित्व है कि वे नदी में गंदगी न करें और इसकी पवित्रता बनाए रखें और शिप्रा नदी में स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी खास तौर पर ध्यान देना चाहिए।

सिंहस्थ 2028 के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा बहुत अच्छा प्रयास किया जा रहा है और उज्जैन में जिस प्रकार से विकास हो रहा है इतिहास में यादगार होगी।

मुख्यमंत्री के नेतृत्व में शिप्रा नदी की सफाई और संरक्षण का काम जोरों पर है और जल्द ही इसके सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस काम को लेकर साधु संतों में भी खुशी का माहौल है। इस मौके पर जूना अखाड़ा के कामाख्या पुत्र हिमालय गिरी महाराज, श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर राहुल नाथ महाराज पंच दशना महाकाल आखाडा, महंत करुणा नंदगिरी, मुंबई से जिल्हा अध्यक्ष अघोरी तांत्रिक अक्षय गिरी आदि साधु संत उपस्थित थे।

# एशियाई बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप, भूटान में उज्जैन के अफराज ने फहराया तिरंगा



उज्जैन। वर्ल्ड बॉडीबिल्डिंग एण्ड फिजिक स्पोर्ट्स फेडरेशन के मार्गदर्शन में भूटान बॉडीबिल्डिंग एसोसिएशन द्वारा 15वीं साउथ एशिया बॉडी बिल्डिंग एण्ड फिजिक् चैंपियनशिप का भव्य आयोजन भूटान देश में हुआ।

उक्त खेल आशय की जानकारी प्रदान करते हुए राष्ट्रीय निर्णायक बॉडीबिल्डिंग शैलेंद्र व्यास, स्वामी मुस्कुराके एवं पूर्व मिस्टर इंडिया सिविल सर्विसेज जितेन्द्र सिंह कुशवाह ने बताया कि उज्जैन मध्य प्रदेश के उभरते बॉडीबिल्डर अफराज इरशाद खान ने आठ देशों के बॉडीबिल्डर को पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल पर कब्जा जमा कर उज्जैन, मध्य प्रदेश एवं भारत का नाम गौरवान्वित किया। उज्जैन और मध्य प्रदेश के बॉडीबिल्डिंग के इतिहास में प्रथम बार किसी बॉडीबिल्डर ने विदेश की धरती पर तिरंगा फहराया है। अफराज की स्वर्णिम उपलब्धि पर राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मध्य प्रदेश के चेयर मेन प्रेम सिंह यादव, महासचिव अतिन तिवारी, इंटरनेशनल रेफरी रोहित जेठवा, इंजीनियर गजेंद्र मेहता, पिताश्री इरशाद खान ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई प्रेषित की है।

स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com